प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर किसान मेला का आयोजन 9 से 12 मार्च 2024 तक

पंतनगर। 26 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय में किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 115 वां अखिल भारतीय किसान मेला 9 से 12 मार्च 2024 को विश्वविद्यालय में आयोजित किया जायेगा। समिति के सदस्य सचिव एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में किसान मेला के सलाहाकार समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में किसान मेले से संबंधित कई बिन्दुओं जैसे किसान मेले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समितियों का निर्धारण, मेले में किसान गोष्ठी के दौरान दिये जाने वाले वैज्ञानिकों के व्याख्यान, विभिन्न शोध केन्द्रों पर किसानों का भ्रमण, प्रगतिशील कृषकों को सम्मान, स्टाल धारकों को पुरस्कार वितरण, मेले के सफल आयोजन हेतु प्रस्तावित बजट इत्यादि पर चर्चा की गयी। बैठक में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संयुक्त निदेशक एवं संबंधित संकाय सदस्य उपस्थित थे।

किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।